UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 24 बाल गंगाधर तिलक (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
बाल गंगाधर का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
उत्तर:
बाल गंगाधर का जन्म 23 जुलाई, 1856 ई० को भारत के पश्चिमी समुद्र तट पर स्थित रत्नागिरि गाँव में हुआ था।

प्रश्न 2:
"बाल गंगाधर तिलक स्वराज के मन्त्रदाता थे', इस कथन की पुष्टि करिए।
उत्तर:
जेल में तिलक ने 'गीता-रहस्य' नामक विश्वविख्यात पुस्तक लिखी। इस पुस्तक ने देश की राजनीति को स्वराज्य की ओर उत्प्रेरित किया। तिलक ने जनता को बताया कि कर्म का राष्ट्रीय फल 'स्वराज्य' है।

प्रश्न 3:
बाल गंगाधर तिलक ने किन पत्रों का सम्पादन किया?
उत्तर:
बाल गंगाधर तिलक ने मराठी भाषा में 'केसरी' समाचार पत्र तथा अँग्रेजी भाषा में 'मराठा' पत्र का भी सम्पादन किया।

प्रश्न 4:
भारत की स्वाधीनता के लिए तिलक के योगदान का वर्णन करिए।
उत्तर:
राजनीति को आराम कुर्सीवाले राजनीतिज्ञों से जनता तक ले जाने का श्रेय लोकमान्य तिलक को ही है। इनकी उँगली राष्ट्र की नाड़ी पर थी; इसलिए ये जानते थे कि स्वतन्त्रता संग्राम में त्याग और कष्ट झेलने की क्षमता जनता में कितनी है; इसलिए इन्होंने राष्ट्रीय आन्दोलन को आगे बढ़ाया। वे सच्चे अर्थों में भारत के निर्माता थे।

https://www.evidyarthi.in/